चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन
कायस्थ समाज को समर्पित
कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 23 फरवरी 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 2 | अंक : 89 (पेज - 1)

# महाकुंभ प्रयागराज में श्री चित्रगुप्त पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर को जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य की मिली उपाधि






प्रयागराज, चित्रांश एक्सप्रेस। महाकुंभ प्रयागराज में श्री चित्रगुप्त अखाड़ा श्री चित्रगुप्त पीठ संत महासभा द्वारा सामूहिक अमृत स्नान एवं पटाभिषेक का विधिवत दिव्य आयोजन किया गया जिसमें श्री चित्रगुप्त अखाड़ा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज एवं अखाड़ा के महामंत्री श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज के साथ देश विदेश से आए हुए संत महात्मा व श्रद्धालुओं ने मेला परिषद सेक्टर 5 में स्थित चित्रगुप्त अखाड़ा के कैंप से चित्रगुप्त अखाड़े की धर्म ध्वजा लेकर पदयात्रा करते हुए संगम तट पर सामूहिक अमृत स्नान किया तत्पश्चात भारत के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संत समाज ने श्री चित्रगुप्त अखाड़े की सदस्यता ग्रहण की तथा स्वामी चक्रपाणि जी महाराज को सनातन सम्राट श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद को श्री श्री 1008 जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य की उपाधि पर विभूषित किया गया।

श्री महंत सुरेशानंद को महामंडलेश्वर मां कामाख्या महाविद्यापीठ के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 डॉ तरसूत मनु श्री सिद्धनाथ महाराज को महामंडलेश्वर श्री चित्रगुप्त धाम बरेली के संस्थापक शिवानंद महाराज महामंडलेश्वर तारापीठ के श्री महंत मनोजानंद , गोराशंकर, किरणानंद को मंडलेश्वर एवं पिंगाक्ष जी महाराज एवं डॉक्टर गोविंद नारायण को श्री महंत शिल्पा स्वरूप कार्यालय मंत्री अजय सक्सेना सचिव मनोज सक्सेना को सहसचिव एवं कई संत महात्माओं साध्वी विश्वरूपा साध्वी कंचन तमिलनाडु से स्वामी रामाचार्य जी श्री रघुनाथ दास आचार्य श्री कान्हा डॉ स्वामी राजेश्वरानंद हरिओमानंद आदि संतों को आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्री महंत की उपाधि पर विभूषित किया गया ।

इस शुभ अवसर पर केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा मयंक सक्सेना राकेश सक्सेना राजेंद्र सक्सेना राजेश सक्सेना उमेश सक्सेना डॉक्टर साधना सक्सेना रेखा सक्सेना सुंदर चौधरी रोहित पाठक देव पंडित अमित शास्त्री राधेश्याम यादव ज्ञानेंद्र सुमित जयदीप श्रीवास्तव एडवोकेट कल्पना श्रीवास्तव आरके श्रीवास्तव एवं एवं अखिल भारत महासभा के पदाधिकारीयों समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

# अभाकाम संस्था व रिनोवा कैंसर सेन्टर द्वारा स्वास्थ्य परिचर्चा आयोजित






जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस । अभाकाम संस्था द्वारा समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आर एच एल रिनोवा कैंसर सेंटर के साथ मिलकर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया । डॉक्टर मनीष चोमल ने कैंसर अवेयरनेस पर चर्चा करते हुए कैंसर के रिस्क फैक्टर, बचाव व सावधानियां के बारे में समाज के प्रबुद्ध जनों को बताया। उन्होंने कहा कि कुछ कैंसर से बचाव के लिए टीके भी आ गए हैं जिन्हें 9 से 14 वर्ष की उम्र तक लगवाना चाहिए।


अभाकाम संस्था के अध्यक्ष श्री अजीत सक्सेना ने अनुवांशिक कैंसर के बारे में कुछ जानकारी चाही। इस पर डॉक्टर मनीष चोमल ने बताया कि महिला में ब्रेस्ट कैंसर अगली पीढ़ी में भी हो सकता है इसके लिए 45 वर्ष की उम्र के बाद जांच कराना जरूरी है ।

अभाकाम संस्था के महासचिव डॉ. अरुण सक्सेना ने डॉक्टर मनीष चोमल से समाज के लोगों के लिए कैंसर जांचों के लिए मुफ्त व रियायती दरों पर सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। डॉक्टर मनीष चोमल ने सुझाव पर सहमति देते हुए समाज के लोगों को कैंसर की जाँच में 50 प्रतिशत की रियायत देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि विशेष दिनों में 100 प्रतिशत रियायत भी दी जाएगी इसके लिए अभाकाम संस्था को सूचित कर दिया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में अभाकाम संस्था के अध्यक्ष अजित सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सक्सेना, महासचिव डॉ. अरुण सक्सेना, कोषाध्यक्ष रवि माथुर, संगठन सचिव सुनील श्रीवास्तव ने डॉक्टर मनीष चोमल को शॉल दुपट्टा ओढ़ाकर प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया । अभाकाम संस्था के अध्यक्ष अजीत सक्सेना द्वारा डॉ. मनीष चौमल व आर एच एल रिनोवा कैंसर सेंटर को धन्यवाद दिया। रिनोवा कैंसर सेंटर द्वारा सभी कायस्थ समाज के लोगों को चाय नाश्ता दिया गया।



# चित्रगुप्त मंदिर मुरलीपुरा जयपुर का स्थापना दिवस मनाया







जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस । बुधवार को मुरलीपुरा क्षेत्र में स्थित चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक सदस्य उपस्थित रहे आभा काम कोषाध्यक्ष एवं श्री चित्रगुप्त समाज समिति मुरलीपुरा के महासचिव रवि माथुर ने बताया कि मंदिर की स्थापना 19.2.2006 में की गई थी तभी से यह मंदिर श्री चित्रगुप्त समाज समिति मुरलीपुरा की देखरेख में है एवं वर्ष 2021 में समिति द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया इस मंदिर में प्रतिदिन पूजा होती है एवं प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे समाज बन्धु एकत्र होकर मंदिर में आरती करते हैं एवं समय समय पर मंदिर में अनेक प्रकार के उत्सव और भोजन का आयोजन भी होता रहता है।

# परीक्षा निकट आते ही एक्जाम की टेंशन आरम्भ हो जाती है – बृजेश निगम

जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस ।परीक्षा निकट आते ही exam की tenston आरम्भ हो जाती है। वास्तुसम्मत स्थान में अध्ययन करने से छात्रों को वांछित परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिलती है तो देर किस बात की।अपनी मेहनत और वास्तु सम्मत टिप्स अपनाने से आपको अवश्य सफलता मिलेगी:-

1. पश्चिम दिशा में बैठ कर मुख पूर्व अथवा उत्तर दिशा में कर पढने से एकाग्रता बढती है।इस स्थान में पढ़ने से पढ़ा हुआ याद होने में सहायता मिलती है।

2. ईशान दिशा में बैठ कर मुख उत्तर या पूर्व दिशा कर पढ़ने से संचित ज्ञान में अभिवृद्धि होती है मेरा मानना है कि इन दिशाओं में बैठकर पढ़ने से परीक्षा में वांछित परिणाम पाए जा सकते हैं।

3. यदि आप टेक्निकल या रीसर्च संबधी पढ़ाई कर रहे हों अथवा आप किसी समस्या का हल नहीं कर पा रहे हों तो दक्षिण पूर्व दिशा में पढ़ाई करने से आपको अवश्य सहायता मिलेगी ।

4. दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र कंप्यूटर टेक्निक/ सर्जीकल चिकित्सा /पायलट/एयरो स्पेस/मैथेमेटिक्स के अध्ययन में लाभदायक रहेगा।

5. दक्षिण दिशा में पढ़ने से मेहनत के अनुकूल परिणाम नही मिल पाता है।

6. पढ़ाई आरम्भ करते समय गणेश जी, सरस्वतीजी एवं अपने इष्ट देव का ध्यान अवश्य करें।




**व्हाट्सएप पर निशुल्क परामर्श**
**रविवार सुबह 10 से 11 बजे**
**मोबाईल नं. : 8003119554**

# डॉ. मिथलेश महामंत्री एवं ज्योति श्रीवास्तव महिला जिलाध्यक्ष



जौनपुर, (शुभांशू जायसवाल) चित्रांश एक्सप्रेस। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिलाध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव से विचार-विमर्श करके जनपद इकाई की टीम घोषित कर दिया। इसमें जिलाध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल, महामंत्री डॉ मिथलेश श्रीवास्तव, संगठन महासचिव अर्णव श्रीवास्तव एडवोकेट बनाये गये।वहीं जिला उपाध्यक्ष केसरी नंदन श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव एडवोकेट, शेखर श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष बनाये गये।कोषाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव बनाये गये।जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, शनि श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, इन्द्रदेव लाल बनाये गये। संगठन सचिव दिनेश श्रीवास्तव, रिशु श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव बनाये गये। वहीं महिला जिलाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी ज्योति श्रीवास्तव को बनाया गया तो मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संजय श्रीवास्तव एवं सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सुधीर श्रीवास्तव को सौंपी गयी।जिलाध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव ने बताया कि सभी नवनियुक्तिपदाधिकारियों की बैठक 23 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 1 बजे उमरपुर स्थित उनके आवास पर होगी जहां मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव हाइकोर्ट कार्यकारिणी सदस्य केपी ट्रस्ट प्रयागराज रहेंगे

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए रजनीश रंजन सिन्हा जी

नई दिल्ली, चित्रांश एक्सप्रेस। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री डी के सक्सेना जी के नेतृत्व में और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह जी और राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव (नीलू) जी के द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक श्री ए के जौहरी जी और राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री विपिन जौहरी जी के नेतृत्व में बाराखंबा रोड नई दिल्ली हाउस में संपन्न हुई।



कार्यक्रम की शुरुआत में आराध्य देव चित्रगुप्त भगवान की स्तुति से हुई।मौके पे मौजूद अखिल अस्थाना जी, संजय कुमार सिन्हा जी, राजीव रंजन वर्मा जी, महेंद्र सक्सेना जी, मनीष कुमार श्रीवास्तव जी, शेखर 'सुमन' श्रीवास्तव जी, आर डी श्रीवास्तव जी, डी के सक्सेना जी, एस के निगम जी, अरुण कुमार श्रीवास्तव जी,प्रेम भटनागर जी,श्रीमती रेखा श्रीवास्तव जी और श्रीमती शेफाली भटनागर जी मौजूद रहे।सभी लोगों ने बुके और शॉल पहनाकर शुभकामनाएं दी।

# मीरजापुर जनपद के स्थानीय ट्रस्टियों की बैठक



मीरजापुर, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ संगठित परिवार न्यास (के. एस. पी. ट्रस्ट) के मुख्यालय मीरजापुर जनपद के स्थानीय ट्रस्टियों की एक बैठक वासलीगंज स्थित श्री साईं इंफोटेक पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।


बैठक में आगामी 12 अप्रैल, चैत्र पूर्णिमा को भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर शहर में श्री चित्रगुप्त भगवान की एक भव्य व विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया, जिसमें कायस्थ महिला - पुरुषों की भारी संख्या में भागीदारी होगी।भगवान की झांकी, ढोल - ताशा, डी. जे. व आतिशबाजी के साथ शहर के मध्य बरियाघाट स्थित 123 वर्ष प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर से निकलने वाली इस शोभायात्रा के स्वागत हेतु विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार व जलपान की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु गठित शोभायात्रा समिति का प्रमुख 'पद्मश्री' उर्मिला श्रीवास्तव को बनाया गया। समिति के संयोजक के रूप में शिवम श्रीवास्तव तथा सह संयोजक के रूप में श्रीश श्रीवास्तव का चयन किया गया, साथ ही समिति का कोषाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव तथा मीडिया प्रभारी एड. शिवम श्रीवास्तव को बनाया गया।

इस शोभायात्रा समिति के सदस्य के रूप में डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव 'चित्रांश', नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, एड. सुधांशु श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, डॉ. पी. पी. श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, इं. रवि श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, करुणा निधान, सचिन श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव 'मोनू', एड. अंकुर श्रीवास्तव व एड. सिद्धार्थ कृष्ण का चयन किया गया।

# अभाकाम संस्था द्वारा महिला कार रैली पोस्टर का विमोचन




जयपुर (अनीता माथुर), चित्रांश एक्सप्रेस। 9 मार्च 2025 को महिला दिवस के अवसर पर ए के एस फाउडेण्शन व हरि ग्रह फार्म हाऊस के सयुक्त तत्वाधान में छठी महिला कार रैली का आयोजन किया जा रहा है।पोस्टर विमोचन में संस्था की अनिता माथुर, सुशील कुमारी व अर्चना भार्गव तथा अभाकाम संस्था के अजीत सक्सेना, डॉ. अरूण सक्सेना, रवि माथुर, रतन सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, देवेन्द्र सक्सेना , अवध बिहारी माथुर, डॉ अंजु सक्सेना, रिया उपस्थित रहे।

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

शारदे माँ श्री प्रदा माँ चंद्रिका माँ शारदे।
श्रीप्रदा ये ज्ञान देकर तू हमे अब तार दे।।

हम है मूरख क्या समझते गीत गज़लों की विधा।
शब्द इतने दे आलोकिक जब लिखे जयकार दे।।

मालिनी तुम वेदही भी तुम हो ब्रह्मचारिणी।
हम सभी बालक है तेरे तू हमे बस प्यार दे।।

लिख रहे है हम कलम से प्रेम की हर दांस्ता।
हम लड़े हर दुष्ट से माँ चण्डिका वह धार दे।।

शब्द की महिमा निराली हम समझ पाए नहीं।
फूल पतझड़ में खिला दे बस वही आधार दे।।

आप वीणा वादिनी हो आप हो जग तारणी।
लेखनी से हम सजाये जग को वो श्रृंगार दे।।

गोमती माँ चंद्रिका माँ चण्डिका माँ शारदे।
आज सागर कह रहा है माँ हमें भवपार दे।।

प्रहलाद सागर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

वीणा वादिनी वर दे,
सूर,लय संग स्वर दे,
अज्ञानता को दूर कर,
ज्ञान रूपी वर दे,
वीणा वादिनी वर दे ।
बैठे तेरे दर पर,
ले अज्ञानता की थाली ,
मां शारदे ज्ञानदात्री,
खाली थाली को ज्ञान से भर दे,
वीणा वादिनी वर दे।।
मोह माया संग विद्या रूपी धन दे,
जीवन के हर मोड़ पर
स्वच्छ -सुंदर मन दे,
अज्ञानता को नष्ट कर
ज्ञान का अलख भर दे,
अंधकार को दूर कर
बुध्दि प्रखर उज्जवल कर दे,
वीणा - वादिनी वर दे।
हे मां शारदे ले अपनी शरण में,
लाखों भक्त बैठे तेरे
पावन चरण में,
अलख जगा - कर ज्ञान का,
वद्या का सागर भर दे,
वीणा वादिनी वर दे।।

ज्योति राघव सिंह, वाराणसी



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

सामने जो है नज़ारा और है
ज़िन्दगानी का इशारा और है

आपकी मंजिल है कोई और ही
मेरी कश्ती का किनारा और है

हो नहीं सकता है इक जैसा इलाज
ग़म हमारा, ग़म तुम्हारा और है

हो चुकीं बातें पुरानी अम्न की
आजकल दुनिया में नारा और है

शौकिया है शायरी का ये हुनर
हो रहा जिससे गुज़ारा, और है

आपको माना है हमने ज़िन्दगी
आपसे रिश्ता हमारा और है

मुझपे भी नज़र ए करम परवरदिगार
कौन मुझसा बेसहारा और है

हीरालाल यादव हीरा



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

वंशीवट के चौक से प्रकट हुए श्री श्री वृंदावन नाथ
धन्य धरा ये ब्रज की जहां रहे हमारे दुलारे गोपीनाथ

श्री.ष्ण प्रपोत्र ब्रजनाभ ने किया इक संकल्प भारी
बने गोविन्द मदन गोपीनाथ विग्रह हू-ब-हू विस्मयकारी

करा शयन धरा के भीतर लुप्त होकर अनगिनत वर्ष
परमानंद भट्ट ने ब्रजवासियों को फिर दिया भारी हर्ष

शिष्य मधु पंडित को सौंपी प्रभु सेवा की पुण्य संभाल
शेखावत सरदार ने बना दिया वहां अद्भुत मंदिर विशाल

होती रही वहां ब्रजराज सेवा संग गौड़ीय विधि विधान
चहुं ओर से आते वहां असंख्य वैष्णव भक्तऔर प्रधान

आया शासन दुष्ट म्लेच्छ का मची सब और त्राहीमाम
देवालय भारत के कर दो ध्वस्त दिया यह पापी पैग़ाम

सतर्क हुए सभी अर्चक किया प्रभु को रथ में विराजमान
छोड़ा मोह मंदिर निधि का पहुंचाया काम्यवन ससम्मान

बांग्ला बाबू ने बना दिया वहां प्रभु के लिए मंदिर महान
बरस साठ रहे गोपीनाथ वहां संग श्री राधा विधि विधान

राज जयपुर ने फ़िर गुसाईं जी से करा विनम्र अनुरोध
लाओ जगत स्वामी को जयपुर में यहां रहेंगे निर्विरोध

आये परम प्रभु गोपीनाथ विराजे पुरानी बस्ती के चौबारे
धन्य हुई जयपुर प्रजा देती नित्य ढ़ोक उनके दिव्य द्वारे

जय जय जय .पानिधान ब्रजनाथ श्री राधा गोपीनाथ
कृपा बनी रहे आपकी हे गोपीजनप्रिय ब्रजगोवर्धननाथ

अरविंद 'कुमारसंभव'



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

हाइकु
बिन तुम्हारे

बिन तुम्हारे,
जीवन है अधूरा,
बनो सहारे ।।

तुम्ही श्रृंगार ,
हर पल खूबसूरत,
तुम्ही आधार।।

है सूनापन,
पर कहें किससे,
न अपना पन।।

तेरे बगैर,
मुरझाया चमन,
नहीं अमन ।।

है खालीपन,
सपने हैं अधूरे,
कैसे हों पूरे।।

हो महसूस,
हर -पल में पास, पर
ए-एहसास।।

पुरानी यादें,
हो जाती हैं सजीव,
मधुर बातें ।।

होते थे साथ,
रहती निश्चितंता,
पकड़े हाथ ।।

कोरा कागज,
रंग भरता कौन,
बिन तुम्हारे ।।

रेखा श्रीवास्तव
अमेठी



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

!! प्यारी सखी !!

जब से देखा है तुमको हे प्यारी सखी
बे सुधी से हुए हम तो हे प्यारी सखी!
रूप परियों सा लुभाता तुम्हारा सखी
नील अम्बर से उतरी हमारी सखी!!
जब से देखा है तुमको हे प्यारी.....!

आरती के दिए सा ये लरजता बदन
जैसे घुंघरू बजाती नवेली दुल्हन!
दूर मंदिर में घंटी ज्यों बजती सखी,
मधुरम वाणी लुभाती तुम्हारी सखी!!
जब से देखा है तुमको हे प्यारी......!

कोई कुछ भी कहे हम तुम्हारे हुए,
तुम मानो ना मानो हम दिल हारे प्रिए!
जैसे चंदा को ताके चकोरी सखी
वैसे तकते तुम्हे ये नयन है सखी!!
जब से देखा है तुमको हे प्यारी......!

जैसे पर्वत से झरने लय मय गिरे,
जैसे नदिया धरा पर कल कल बहे!
वैसे सरगम सी वाणी तुम्हारी सखी,
सबके मन को चुराती हे प्यारी सखी!!
जब से देखा है तुमको हे प्यारी.......!

डॉ शिवदत्त शिवम, जयपुर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

थामे अँगुली जब चले, दिखे पिता भगवान।
कांधे बैठाकर चले, देखा जगत महान ।।

दुख सहकर संघर्ष में,दिया पिता ने ज्ञान।
इनके चरणों में बसे, जग के तीर्थ महान।।

सपनों को दे पंख हैं, मिलता जग सम्मान।
प्रेम पिता माता रहे, हों पूरे अरमान ।।

माँ का आँचल छांव है,डर मिटता तत्काल।
ममता है जादू भरी,करती सदा कमाल ।।

माँ चरणों में स्वर्ग है, ममता है अनमोल।
सेवा में सुख मिल रहा,बोल न माता तोल।।

माता तेरी गोद में,है सुकून की राह।
तेरी लोरी में सजी,सब सपनों की चाह ।।

सृजन बना आधार माँ,जीवन की पहचान।
आंचल छाया है घनी, चमक रहे दिनमान ।।

संबल बनते हैं पिता,जग जीवन आधार।
छांव तले उनकी सदा,रक्षित है संसार।।

डरे पिता की डांट से, माता अतुलित प्यार।
दोनों मिलकर चाहते,सपने हों साकार।।

धरती पर साक्षात हैं, ईश्वर का प्रतिरूप।
सेवा में जिनकी सदा, मिलता सुख इव भूप।।

डॉ छाया शर्मा, अजमेर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

छोटा था जब मैं कभी,
गोदी में मुझे उठाते थे।
उंगली पकड़कर मेरी,
चलना मुझे सिखाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।
रोता था जब मैं कभी,
मुझको खूब हंसाते थे।
सैर-सपाटा मुझे कराने,
कंधे पर बैठाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।
खुद खाने से पहले,
मुझको खूब खिलाते थे।
रूठूं जो मैं कभी,
पल भर में मुझे मनाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।
गिरता था जब कभी,
दौड़कर मुझे उठाते थे।
चूम कर माथा मेरा,
सीने से मुझे लगाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।
गलतियों पर मेरी,
अक्सर मुझे समझाते थे।
भले-बुरे का भेद बताकर,
सही राह दिखाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।
गुस्सा होता जब मैं कभी,
खूब प्यार जताते थे।
खुशियों पर मेरी,
अपना सब कुछ लुटाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।
हर गम अपना छिपाकर,
अक्सर मुस्कुराते थे।
मांगू जो भी मैं कभी,
हंसी - खुशी दिलाते थे।
मम्मी-पापा मुझे राजा बेटा
कहकर बुलाते थे।

सुनील कुमार , बहराइच



सुनीता नलवाया

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

जीवन में बसंत जरूर आता है,
चाहे कितने ही अंधियारे बादल छाए हों,
मुसीबतों के पहाड़ राह रोके खड़े हों,
या दुःख की सर्द हवाएँ दिल को कंपा रही हों।

जब उम्मीद की किरणें धुंध में खो जाएं,
और रास्ते धुंधले पड़ने लगें,
जब मन पतझड़-सा वीरान हो जाए,
और हर सपना टूटे पत्तों-सा बिखर जाए...

तब भी यक़ीन रखो बसंत जरूर आएगा!

दुःख के बादल एक दिन छँटेंगे,
उम्मीद की धूप फिर से खिलेगी,
सूने पेड़ों पर फिर कलियाँ मुस्कुराएँगी,
और ठंडी हवाओं में प्यार की महक घुल जाएगी।

हर अंधकार के बाद उजाला है,
हर पतझड़ के बाद बहार है,
हर दर्द के बाद सुकून है,
क्योंकि जीवन में बसंत जरूर आता है...।



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

मन के मन्दिर में हम बिठा लेंगें।
उनको यूँ देवता बना लेंगें।
जब भी वो बे नियाज़ होंगें हम,
बंदगी में ये सर झुका लेंगें।
धड़कनें शोर जब मचाएँगी,
उनको सीने से हम लगा लेंगें।
जब वो आएँगें वस्ल की शब को,
घर को दुल्हन सा हम सजा लेंगे।
रूठना है वो रूठ ले जी भर,
हमको आता है हम मना लेंगें।
हो ना रुसवाइयाँ मुहब्बत की,
दिल के सब दाग़ हम छुपा लेंगें।
हो इजाज़त हमें अगर 'ममता'
उनको हम ज़िन्दगी बना लेंगें।

ममता मंजुला

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520


SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-22/08/1989
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-
Height :-5 Ft. 6
Manglik :-
Edu. :-M.A.MBA,LLB.
Job :-Deputy Manager in HDFC ERGO,Posted in Prayagraj
F.Name :-Mr.Vinod Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs.Rita Shrivastava
Address :-Prayagraj,U.P. Located anywhere in India*
Mob :- - 8299494892


PUNIT SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-18th March 1996
T.O.B. :-13:17 PM
P.O.B. :-
Gotra :-
Height :- 6 ft
Manglik :-
Edu. :-B.Tech, MBA
Job :-Manager - Corporate Business
F.Name :-Mr. Daya Kishan Saxena
M.Name :-Mrs. Mona Saxena
Address :-Sector-53, Noida
Mob :- - 9837438811


YASH SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 06/08/2000
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :- -
Height :- 5 feet 9 inches Manglik :-

Education :- MSc/ MFin
Job :-
Income :- 4 Lakh to 7 Lakh

F'Name :- -
M'Name :-
Address :- Ghaziabad UP
Mob : - 9910150917


ARNAV BISARIA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-16 th Dec, 1990
T.O.B. :-03:30 PM
P.O.B. :-Agra (Uttar Pradesh)
Gotra :-Urmara
Height :-5 F 6 Inch
Manglik :-
Edu. :-MCA
Job :- Sr Software Engineer in Teleperformance Gurgaon
Income :- 15.5 LPA.
F.Name :-Mr. Rajnikant Kulshreshtha
M.Name :-Mrs. Meena Kulshreshtha
Address :-H No: 232, Patholi Fateh Pur Sikri Road, Shahganj Agra. 283105.
Mob :- 9258458981 8285673877


HIMANSHU KULSHRESHTHA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-16 October 1992
T.O.B. :-3:07 pm
P.O.B. :-Mathura, Uttar Pradesh
Gotra :-Karariwa
Height :-5 F 10 Inch
Manglik :- No
Edu. :-B.Tech (IT)
Job :-Cyber Security, Western Union, Pune
Income: 34 LPA
F.Name :-Late Shri Anil Kumar Saxena
M.Name :-Mukta Saxena
Address :-Mathura, Uttar Pradesh
Mob :- 8218367926(Mother)


VIKALP SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-30/07/1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-Bansi (Uttar Pradesh)
Gotra :-Karariwal
Height :-6 feet 1 inches
Manglik :- No
Edu. :-M.C.A.
Job :-Software Engineer ( NEC Corporation)
F.Name :-Santosh Kumar Srivastava
M.Name :-Pushplata Srivastava
Address :-Nehrunagar, Narkatha,Post-Bansi, District- Siddharthnagar, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102


PRASHANT SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367


AMISHA SINHA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi


SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :-No
Education MCom
Job :-: Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :-3 lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022


AMAN SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education : B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740


ALANKAR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B:- 04/05/1996
T.O.B :- 9:00 P.M.
P.O.B :- New Delhi
Gotra father:- Kashyap
Height :- 5 Ft 4 Inches
Mangal Dosh :-No
Edu.:- BDS from ITS Dental College,Delhi
Job:- Preparing for MDS
F. Name:- Mr.Sanjay Kumar Saxena
M. Name:- Mrs.Bimla Saxena
Address:- New Delhi, India
Contact No:- 98715 92232



Dr. SHIVALIKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 19 Dec. 1998
T.O.B. :- 2.51 P.M.
P.O.B. :-Shivpuri (M.P.)
Gotra :-Amrotiya
Height :-5' ft. 6" inch.
Manglik :- No
Edu. :-B.B.A. & MBA in Finance and marketing from NDIIT NEW DELHI
Job :-Account ASAHI INDIA GLASS LIMITED GURUGRAM
Annual Income:- 4.10 L.P.A.
F.Name :-Mr. Manoj Saxena
M.Name :-Late Mrs. Nidhi Saxena
Address :-Gwalior M.P.
Mob :- - 8384091352


YASH SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 5/10/1990
T.O.B. :- 9.15am
P.O.B. :-Bikaner
Gotra :-
Height :-5.5" inch
Manglik :- No
Edu. :-B Tec (Electrical Engineering)
Job :-Data Analyst at GEDU Global Education Pvt Ltd.. Noida
F.Name :-Late sh Dinesh Kumar
M.Name :-Vandana Bhatnagar
Address :-B-3/355 Sudarshan Nagar Bikaner, Rajasthan
Mob :- - 8949903293, 9314185401


ANKIT BHATNAGAR

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971


ER.ARUSHI SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer

F.Name :-SDinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena

Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102


PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 2_8_1986
T.O.B. :- 8.10 pm
P.O.B. :-Ajmer
Gotra :- JHAMRIYA
Height :- 5 fit 5 inch
Manglik :- No
Edu. :-PostGraduation
Job :-business construction line partner ship

F.Name :-Ashok swroop mathur
M.Name :-BEENA MATHUR
Address :-Vaishali nagar. Ajmer
Mob :- - 7976759692. 7611001658


PRASHANT SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209


Arunima

# भारतीय कायस्थ महासभा बदायूँ के द्वारा बैठक आयोजित





बदायूँ। ( दीपक सक्सैना ) चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बदायूँ के द्वारा सुबह 11 बजे एक बैठक आयोजित स्थान वैशाली फिल्म कार्यालय नूतन मेमो. स्कूल मड़ई चौक निकट इंडियन मेडिकल स्टोर बदायूं पर सम्पन्न हुई जिसमे सर्वसम्मति से होली मेला आयोजित कार्यक्रम दिनांक 16.03.2025 दिन रविवार स्थान बदायूँ क्लब बदायूँ मे होना निश्चित हुआ है। जिसमे जिलाध्यक्षा श्री ओमकार सक्सेना जी द्वारा कि बैठक मे निश्चित हुआ कि हर वर्ष कि भॉति इस वर्ष भी मेधावी छात्र, छात्राऔ का सम्मान,व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव सेवानिवृत्त, व समाज के वरिष्ठ लोग का सम्मान होना सुनिश्चित हुआ है। इस बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री दीपक सक्सेना ( एडवोकेट ),महामंत्री श्री धीरज सक्सेना के द्वारा सम्पन्न हुई जिसमे कायस्थ समाज के वरिष्ठ लोगो के साथ मे।

# माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पाठ्यसामग्री



उत्तर प्रदेश, चित्रांश एक्सप्रेस। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं की तैयारी के साथ SSC से UPSC तक सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पाठ्यसामग्री BSCDT APP पर ONLINE DIGITAL LIBRARY में मात्र 100/- रू. वार्षिक शुल्क में भगवान श्री चित्रगुप्त धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है इसके लिए BSCDT-IN बेवसाईट से BSCDT APP डाऊनलोड कर अपनी आईडी पासवर्ड बनाकर दिये गए क्यूआर से ट्रस्ट के बैंक खाते में 100/रू. जमा कर रसीद अपलोड कर देना है आईडी एक्टिव हो जायेगा अब आप डिजिटल लाइब्रेरी में अपनी पढ़ाई कर सकते हैं और जो कमी हो या आपको जिस विषय की जानकारी की आवश्यकता हो उसका सुझाव फीडबैक में भेंज सकते हैं शीघ्र समस्या समाधान किया जायेगा, अपने साथ अपने दोस्तों और सहयोगियों को भी BSCDT APP से जोड़े, BSCDT APP और भगवान श्री चित्रगुप्त धर्मार्थ ट्रस्ट से जुड़कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें... सुशील सिनहा मुख्य ट्रस्टी भगवान श्री चित्रगुप्त धर्मार्थ ट्रस्ट 9919030638

# युवा नेता आशुतोष सिन्हा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत

वाराणसी, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ समाज के युवा, तरुणाई, सहज, सरल, मिलनसार, कुशल वक्ता, राजनीति के युवा नेता, अत्यंत ऊर्जावान एवं देश के प्रति समर्पित श्री आशुतोष सिन्हा जी को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय संरक्षक बनाया गया है। श्री आशुतोष सिन्हा जी वर्तमान में वाराणसी खंड से एम.एल.सी. के रूप में कार्यरत हैं। उनका राजनीति में गहरा प्रभाव है और वह समाज में एक आदर्श नेता के रूप में स्थापित हैं। यह नियुक्ति उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, उनकी निस्वार्थ सेवा भावना और कायस्थ समाज की प्रगति में किए गए योगदान को देखते हुए युवा प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारणी की सहमति से की गई है।



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उत्तर प्रदेश के युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री सुमित श्रीवास्तव ने श्री आशुतोष सिन्हा जी से व्यक्तिगत रूप से भेंट की और महासभा की ओर से राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री वेद आशीष श्रीवास्तव द्वारा जारी पत्र को औपचारिक रूप से उन्हें सौंपा।

# क्यों कायस्थों को आवश्यक है के कार्ड बनवाना क्या है इसके लाभ – कृष्ण कुमार श्रीवास्तव



चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महा सचिव कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने समझाया क्यों कायस्थों को आवश्यक है के कार्ड बनवाना क्या है इसके लाभ। अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा के सभी चित्रांशों से अपील है ,के कार्ड ,जैसे पवित्र कार्य को प्राथमिकता से आगे बढ़ाये ,माननीय अध्यक्ष कायस्थ कुल गौरव डॉ अनूप श्रीवास्तव जी के कायस्थ एकता कायस्थ संवृद्धि के संकल्प को पूरा करने का ये बड़ा माध्यम है,पूरे देश के कायस्थों में इसके प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है ,इतिहास में इतना बड़ा कदम पहली बार उठाया गया है ,ज़ाहिर सी बात है कुछ तकनीकी सहायता भी चाहिए जो हमारे चित्रांश लगातार ,तत्काल दे रहे है,ये हमारे एकजुट हमारी शक्ति हमारे जागृतहोने का सबसे प्रमाणित दस्तावेज बनने जा रहा हैं , सभी चित्रांश पदाधिकारी अधिक से अधिक कायस्थों को इससे जोड़े ,इसके बहुमुखी दूरगामी लाभ है ,इसमें व्यापक व्योरा इस लिये मँगा गया है जिससे किसी को सहायता किस प्रकार पहुचयी जाय, किसके द्वारा पहुँचायी जाय सभी कुछ सुनिश्चित हो पाएगा हमारी संख्या बल हमारी एकता ही हमे अपनी राजनैतिक रूप से सक्षम बनाएगा जिसके लिये भी आपका के कार्ड महत्व पूर्ण योगदान देगा ,हमारे संख्या बल पर ही हम व्यापारिक संगतठनों अस्पतालों से के कार्ड के लिए बड़ी छूट ले पायेंगे इसलिए इसे अभियान के रूप में लेकर कायस्थ एकता और कायस्थ संवृद्धि के इस पावन यज्ञ में अपनी सक्रियता की आहुति देकर एक नये युग कायस्थ युग का संखनाद कीजिए

# नीतेश कर्ण बने समाज कल्याण संयोजक



लुधियाना , चित्रांश एक्सप्रेस । मुंडिया कला, लुधियाना स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन ( रजि ) के प्रधान कार्यालय में संचालन समिति की एक आवश्यक बैठक में कुछ एक्टिव स्वयं सेवकों को नयी जिम्मेदारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सज्जन श्रीवास्तव ने किया एवं संचालन महासचिव श्री प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। महासचिव ने बताया कि जो भी स्वयं सेवक समाज सेवा में तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं उन्हें फेडरेशन प्रधान श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव जी के आदेश मिलने के बाद नयी जिम्मेदारी दी जा रही है जिसमें कर्मठ जिम्मेदार समाज सेवक श्री नीतेश कर्ण को एक विशेष पद से अलंकृत किया गया उन्हें बतौर 'वरिष्ठ संयोजक '( समाज कल्याण ) का जिम्मेदारी दी गई है वहीं धार्मिक प्रवृत्ति के समाज सेवक श्री गौरव सक्सेना को 'संयोजक'( श्री चित्रगुप्त प्रसादम् लंगर सेवा ) की अहम् जिम्मेदारी दी गई है ।नियुक्ति पत्र देते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सज्जन श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन ( रजि ) पंजाब के जाने माने समाज सेवक श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर अग्रसर है और अब कार्य क्षेत्र के बढ़ते हुए दायरे को देखते हुए कर्मठ स्वयं सेवकों को भी अब नयी जिम्मेदारी देकर कार्यों में तेजी लानी है।

महासचिव श्री प्रदीप श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों का विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने नये पद एवं विभिन्न प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा ।अंत सज्जन श्रीवास्तव एवं प्रदीप श्रीवास्तव ने दोनों ही स्वयं सेवकों को नियुक्ति पत्र दिया। संरक्षक डा. डी.एन.प्रसाद, उपाध्यक्ष श्री राकेश कुमार सिन्हा एवं संयुक्त सचिव श्री अभिषेक श्रीवास्तव ने श्री नीतेश कर्ण एवं गौरव सक्सेना ने दोनों नये पदाधिकारियों को बधाई दी । भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन ( रजि ) के अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव जो अभी उत्तर प्रदेश में हैं दूरभाष से वार्तालाप में नीतेश कर्ण एवं गौरव सक्सेना को नयी जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की भगवान श्री चित्रगुप्त जी से प्रार्थना की एवं आशा व्यक्तकिया कि स्वयं सेवकों को नयी जिम्मेदारी देने से समाज व राष्ट्र की सेवा में तेजी एवं सरलता आएगी।

सवाल दिल में सारे दफना दिए
हमने,
सारे राज अपने जिगर में दफना
दियें हमने।
शिकन सारे चेहरे के हमने छिपा
लिये हैं,
रोशन फिर भी हमने चिराग को



रखा है।
उम्मीदों की मंजिल अब दूर नही,
पाकर ही हम अब दम लेंगे।
मुसाफिर हूं पर थकता नही यारों,
दर पर दर चलता ही जाता हूं।

श्रीमती उमेश नाग जयपुर राजस्थान

**कायस्थ कुलभूषण डॉ. संतोष श्रीवास्तव जी कायस्थ सेना उत्तर प्रदेश चिकित्सक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनित होने पर चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन परिवार की और से हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएँ**



Amit Saxena
9468957703
VOLTAS
MITSUBISHI ELECTRIC
acer
GENERAL
Haier
BOSCH
SAMSUNG
HITACHI
COOL POINT ENGINEERS
Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine
10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

# परीक्षाओ से पहले कायस्थ समाज के विद्यार्थिया ने की कलम पूजन, भगवान चित्रगुप्त का लिया आर्शिवाद ।




अजमेर ।( आतिश माथुर ) चित्रांश एक्सप्रेस । श्री चित्रगुप्त समाज एवं मंदिर समिति की ओर से आज पंचशील स्थितशिव शक्तिमंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर इस वर्ष परीक्षा देने वाले समाज के सभी विद्यार्थियों को कलम, दवात और पोथी का वितरण किया गया ।समिति के सचिव श्री अतीश माथुर ( पार्शद - वार्ड 76 ) ने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व स्कूल और कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को कलम, दवात और कॉपी भेट की जाती है।ऐसा माना जाता है कि भगवान चित्रगुप्त के आशीर्वादऔर पूजन से ही समाज के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन की क्षमता प्राप्त करते है ।लगभग 50 विद्यार्थियों ने परीक्षा पूर्व कलम दवात की पूजन की।


पार्षद माथुर ने बताया की इस अवसर पर विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया । जिनमें अमित माथुर,जितेंद्र माथुर ( टॉय ),महेश माथुर, विशाल माथुर, डाक्टर मुस्कान माथुर, डॉ गीतिका माथुर, सी.ए. पुलकित माथुर, डॉ एनके माथुर विनय माथुर, गरिमा विभोर माथुर,एवं प्रवेश मीनावत को भगवान जी का पटका ओढा कर कलम भेट की गई ।

श्री चित्रगुप्त समाज एवं मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे विभिन्न कार्यक्रम कर विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है ।

उपाध्यक्ष जी के माथुर ने विद्यार्थियों को लगन से पढ़ाई करते हुए समय की उपयोगिता के महत्व पर बल दिया । साथ ही सभी प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

कार्यक्रम संयोजक डी पी माथुर एवं नरेश माथुर, विभोर, रतन, जीतेन्द्र, मनीश,, राजेंद्र, गिर्राज मुकुट, दिलीप, कपिल, सुरेश, प्रेम राजोरिया, आदि नें सभी का आभार व्यक्त किया ।

# मप्र के वैज्ञानिक को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान – डॉ. नवीन सक्सेना को पुतिन ने दिया 'आर्डर ऑफ फ्रेंडशिप', पीथमपुर में बना रहे कैंसर की दवा



इंदौर, चित्रांश एक्सप्रेस। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मध्य प्रदेश के जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. नवीन सक्सेना को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर ऑफ फ्रेंडशिप' से सम्मानित किया है। यह सम्मान 8 फरवरी को क्रेमलिन में प्रदान किया गया। डॉ. राजेश हजेला के अनुसार, डॉ. सक्सेना ने इंदौर से लगे हुए औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में 400 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जहां कैंसर के मरीजों के लिए दर्द निवारक दवाइयां बनाई जा रही हैं। गजरात, मंबई और देहरादन में सफल सम्मान 8 फरवरी को क्रेमलिन में प्रदान किया गया। डॉ. राजेश हजेला के अनुसार, डॉ. सक्सेना ने इंदौर से लगे हुए औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में 400 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जहां कैंसर के मरीजों के लिए दर्द निवारक दवाइयां बनाई जा रही हैं। गुजरात, मुंबई और देहरादून में सफल व्यवसाय के बाद, उन्होंने अपने गृह राज्य में निवेश का फैसला किया।

रुसान फार्मा के अध्यक्ष डॉ. सक्सेना ने फार्मास्युटिकल क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जीवनरक्षक अणुओं जैसे ब्यूनॉरफीन, निफेडिपाईन और सूक्राल्फेट का विकास किया है। विशेष रूप से ब्यूप्रेनॉरफिन के लिए प्रक्रिया पेटेंट उनके नाम पर है। डॉ. सक्सेना के अनुसार, उनकी फैक्टरी का मुख्य उद्देश्य 'दुनिया का दर्द मिटाना' है। एक मध्य प्रदेश के निवासी के रूप में, वे अपने राज्य में निवेश करके गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनका यह योगदान न केवल भारत-रूस के रिश्तों को मजबूत कर रहा है, बल्कि मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का फागोत्सव आठ मार्च को

जोधपुर , चित्रांश एक्सप्रेस : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जोधपुर की बैठक में फाग महोत्सव का आयोजन आठ मार्च को किए जाने का निर्णय लिया गया। महासभा के जोधपुर संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र माथुर ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल माथुर कोलरी द्वारा की गई। बैठक मे संयोजक मण्डल का गठन किया गया जिसमें रश्मि माथुर, प्रतिभा माथुर, उमेश करण माथुर, रत्नेश माथुर एवं आशुतोष माथुर को सम्मिलित किया गया। जोधपुर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र माथुर ने बताया कि कायस्थ समाज की सत्संग मंडली द्वारा श्री कृष्ण होरिया मय संगीत का गायन एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला जिलाध्यक्ष संगीता भटनागर ने बताया कि बैठक में डॉ ऋषि माथुर, संदीप माथुर, उमेश करण माथुर, मनीष माथुर, रत्नेश माथुर, रश्मि माथुर, रीनीता माथुर, प्रतिभा माथुर, आशुतोष माथुर, शिल्पा माथुर आदि उपस्थित रहे।












सम्पादक – डॉ. अरूण कुमार सक्सेना । सीईओ – अजीत सक्सेना । सह–सम्पादक – रवि माथुर । संरक्षक – धर्मेन्द्र जौहरी